तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025

13 स्कार्पियो खंभे से टकराई और घर में घुसी, ...



14 श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण...





## खबर संक्षेप

### महानदी में मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश, जांच में जुटी पुलिस



गिधौरी। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पुलेनी में सोमवार सुबह महानदी नदी में एक अज्ञात व्यक्ति लाश ग्रामीणों ने देखी। जहां उन्होंने घटना की जानकारी गांव में दी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस थाना में दी। जहां पुलिस ने लाश को बाहर निकाला और पतासाजी में जुटी है। खबर लिखे जाने तक अज्ञात व्यक्ति के बारे में शिनाख्त नहीं हुई है। पंचनामा कार्रवाई में मृतक के शरीर पर चोंट के निशान नहीं है। लाश लगभग चार-पांच दिनों की बतायी जा रही है। मृतक की ऊंचाई लगभग 5.8 इंच और उम्र लगभग 50 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस ने फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए लाश को कसडोल भेजा है और मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास पुलिस थाने में सूचना दे दी गई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पड़कीपाली में देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सोनापुट्टी मोड के पास पड़कीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी मेम्मर नागेश पिता मनीराम नागेश (22 वर्ष) मनबाय बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के कब्जे से 8 नग देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए, 1 नग जम्मू स्पेशल विहस्की कीमती 120 रुपए, 1 लीटर महुआ शराब कीमती 100 रुपए कुल कीमत 1020 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### भालू के हमले से एक घायल

**सरायपाली।** तेंदूपत्ता तोड़ाई में जुटे ग्रामीणों को भालुओं का भय बना हुआ है। कुछ दिनों पूर्व ही अमलीडीह निवासी दशरथ सेठ पर 3 भालुओं ने आक्रमण कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। वहीं आज एक दूसरी घटना में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्राम पंचायत पतेरापाली के सुनील सोना पिता जयदेव को भालू द्वारा हमला किया गया। इसकी सूचना जैसे ही ग्राम पंचायत के सरपंच प्रभात पटेल को हुई, उन्होंने अपने साथ सचिव मुक्तेश्वर मटारी , वनरक्षक राकेश पटेल व ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पहुंचकर गंभीर रूप से घायल सुनील सोना को 112 वाहन में सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। साथ ही वन अधिकारियों को पीड़ति सुनील सोना का प्रकरण बनाये जाने के लिए अनुरोध किया गया। भालू द्वारा पीड़ति सुनील सोना के पीठ पर गंभीर चोट पहुंचा गई है। जंगली जानवरों के हमले ग्रामीणों के ऊपर 2 अवसरों में अधिक होते हैं।

### एनएचएम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपने विभिन्न मांगें को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मांगों में सविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि शामिल है। इस दौरान संघ के महसमुंद जिलाध्यक्ष राम आदि मौजूद रहे।

# नर्सों के अमूल्य योगदान को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लाइफ केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम थी— "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य: नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाती है", जो नर्सों के स्वास्थ्य, कल्याण और सामाजिक महत्व पर विशेष जोर देती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य गीत से हुआ। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन पर आधारित एक प्रेरणादायी नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिसमें उनके संघर्ष और योगदान को उजागर किया गया।

इस अवसर पर छात्र संघ का गठन भी किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्षः सुप्रिया पटेल, उपाध्यक्ष जिज्ञासा सोनवानी, कोषाध्यक्ष कुमकुम साहू, सचिव विजयशंकर सेन, उपसचिव कृष्ण कुमार साहू शामिल हैं।

यह आयोजन न केवल नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर बना, बल्कि छात्रों में सेवा, समर्पण और नेतृत्व की भावना को भी सशक्त करने का माध्यम सिद्ध हुआ।

### लाइफ केयर कॉलेज में नर्स दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



#### जिम्मेदारियों का निष्ठा से पालन करने का संकल्प लिया

नवगठित छात्र संगठन को होमेश यादव द्वारा शपथ दिलाई गई। सभी नवचयनित प्रतिनिधियों ने संस्थान द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रद्धा दुबे ने नर्सों के संघर्ष और समाज में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया और सभी छात्रों व स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। संस्था की संस्थापक शकुन डहरिया ने भी कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### नियंत्रण के नाम पर भय का माहौल, व्यापारी वर्ग और आम नागरिकों में रोष

# पुलिस ने बरती सख्ती, 18 स्थानों पर की चेकिंग, 267 चालकों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

जिला पुलिस और यातायात पुलिस की नाकाबंदी और सघन चेकिंग ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन कार्यवाहियों का मूल उद्देश्य यदि कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना है, तो इसकी सराहना की जानी चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह अभियान अपने उद्देश्य से भटकते नजर आ रहे हैं।

पुलिस द्वारा 11 मई को जिले के 18 प्रमुख स्थानों पर शाम 5 से रात 8 बजे तक चलाए गए सघन जांच अभियान में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुख्य मार्गों पर आने-जाने वाले हर वाहन और व्यक्ति की गहन जांच की गई। इस दौरान 267 व्यक्तियों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत चालान भी काटे गए।

हालांकि, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान को संदिग्ध तत्वों की धरपकड़ और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने की दृष्टि से आवश्यक बताया जा रहा है, परंतु आम नागरिकों और व्यापारियों का आरोप है कि यह अभियान अब मात्र चालान और वसूली तक सीमित होकर रह गया है।



#### नाकाबंदी को सख्ती से लागू करें

जनता की ओर से शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है कि पुलिस की कार्यवाहियों को संतुलित, उद्देश्यपरक और मानवीय बनाया जाए। साथ ही यह भी अपेक्षा है कि नाकाबंदी जैसी कार्रवाइयों का दायरा सिर्फ असामाजिक तत्वों तक सीमित हो, न कि आम नागरिकों को भयभीत करने तक। यदि यही स्थिति बनी रही, तो बलौदा बाजार की व्यावसायिक स्थिति और सामाजिक वातावरण दोनों ही प्रभावित होंगी। जनता की सुरक्षा के नाम पर चल रहे इन अभियानों में जनता का विश्वास और सहयोग बना रहना बेहद आवश्यक है।

#### कानून का पालन सभी के लिए आवश्यक

इस संबंध में पुलिस की ओर से प्रतिक्रिया देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने कहा, "पुलिस द्वारा की जा रही सघन चेकिंग और नाकाबंदी सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करना है। हालिया समय में प्रदेशभर में सुरक्षित यातायात व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। यदि किसी को कार्रवाई में कोई असुविधा हुई है, तो हम उस पर गौर करेंगे, लेकिन कानून का पालन सभी के लिए आवश्यक है। व्यापार प्रभावित न हो, इसका भी हम पूरा ध्यान रख रहे हैं। जनता से हमारा निवेदन है कि नियमों का पालन करें और सहयोग करें। हमारा उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि समाज में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाना है।"

पुलिस की बेलगाम कार्रवाई से व्यापार प्रभावित, आमजन त्रस्त

स्थानीय व्यापार मंडलों का कहना है कि पुलिस की इस कठोर कार्रवाई से ग्रामीण और बाहरी ग्राहक बलौदा बाजार आने से कतरा रहे हैं। इससे बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। छोटे व्यवसायी, ठेले-खोमचे वाले और दैनिक रोजगार पर निर्भर लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जुगल भट्टर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, हम पुलिस और प्रशासन से सहयोग की उम्मीद रखते हैं, परंतु वर्तमान में जिस ▶▶ शेष पेज 13 पर

## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा, 7 बाइक जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 11 मई को जिलेभर में शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा भारी वाहन, चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई।

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर चला पुलिस का शिकंजा

इस अभियान में पुलिस ने ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से जांच कर 7 ऐसे वाहन चालकों को पकड़ा जो शराब सेवन के बाद वाहन चला रहे थे। सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त कर लिए गए हैं। जब्त किए गए वाहनों को विधिवत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।यातायात पुलिस बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा यह अभियान जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता के साथ-साथ नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने चलाया जा रहा है। पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी स्थिति में शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, जिससे स्वयं की और दूसरों की जान को खतरे में न डालें।

आपकी एक लापरवाही किसी की जिंदगी छीन सकती है। शराब पीकर वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह आपके और दूसरों के जीवन के लिए खतरा है। जिम्मेदार नागरिक बनें, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

## 85 लीटर महुआ शराब जब्त, 3 क्विंटल लहान किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1 लाख 80 हजार की कच्ची महुआ शराब जब्त और महुआ लाहन नष्ट की है। यह कार्रवाई जिले के ग्राम सुढ़ेली में की गई, जहां नाले के किनारे भारी मात्रा में अवैध मदिरा छिपाकर रखी गई थी।

- आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी

जानकारी के अनुसार, बलौदाबाजार वृत्त के अंतर्गत ग्राम सुढ़ेली में अवैध शराब निर्माण की सूचना के आधार पर रविवार को संभागीय उड़नदस्ता रायपुर एवं जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापा मारा। मौके से 85 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा लगभग 3260 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। जब्त शराब का परीक्षण किया गया एवं लाहन का सैंपल लेकर उसे नष्ट किया गया।



बरामद सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 1.80 लाख आंका गया है। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च), 34(च) एवं 34(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

इस कार्रवाई का नेतृत्व जिला आबकारी अधिकारी चंद्रहास यदु, जलेश सिंह एवं आबकारी उपनिरीक्षक राजेंद्र देवांगन द्वारा किया ▶▶ शेष पेज 13 पर

# युवक पर धारदार हथियार से हमला एक नाबालिग सहित 8 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

बीते 10 मई को कोदवा निवासी यशवंत रत्नाकर 29 साल पर एक दर्जन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सरसीवां पुलिस के अनुसार पीड़ित बीते शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे शराब पीने के लिए सरसीवा शराब भट्टी गया था। शराब पीकर वापस आने के दौरान 5-6 मोटरसाइकिल में सवार करीब 10 - 12 लोगों द्वारा उसे कौन से गांव में रहते हो पूछते हुए हाथ, मुक्का, बेल्ट एवं धारदार हथियार से पीठ पर और सिर पर वार किए। आहत यशवंत ने वहां से गुजरने वाले ग्रामीण से लिफ्ट लेकर थाना सरसीवा पहुंचा, जहां पुलिस द्वारा उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र सरसीवा ले जाया गया, प्राथमिक उपचार पश्चात सीएससी बिलाईगढ़ रिफर किया गया, जिसकी हालत अभी खतरे से बाहर है।

- फरार आरोपियों की खोजबिन में जुटी पुलिस



पुलिस द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों की निर्देश एवं मार्गदर्शन में ▶▶ शेष पेज 13 पर

### हितग्राहियों को मिली मुफ्त बिजली

# पीएम सूर्य घर योजना से लगे सोलर पावर प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लवन नगर में श्यामा सोलर एनर्जी के सहयोग से रूफटॉप सोलर पावर प्लांट की स्थापना की गई। योजना के तहत शासन द्वारा 78 हजार की अनुदान राशि के साथ हितग्राहियों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए गए हैं।

स्थानीय हितग्राहियों में शामिल योगेश कुमार पाण्डेय 5 किलोवॉट, महेश्वर प्रसाद साहू 5 किलोवॉट, धर्मेंद्र साहू 4 किलोवॉट तथा रमाकांत अवस्थी 10 किलोवॉट के घरों में सौर संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इन सभी संयंत्रों की नेट मीटरिंग की प्रक्रिया सीसीपीडीएल लवन की टीम द्वारा पूर्ण की गई।



कार्यक्रम में लवन विद्युत वितरण कार्यालय से असिस्टेंट इंजीनियर तुषार विश्वास, सजन कुमार रजक, जितेंद्र साहू, दुर्गा प्रसाद बर्मन तथा श्यामा सोलर एनर्जी के प्रो. योगेश कुमार पाण्डेय और उनकी टीम मुकेश कुर्रे व सूर्यकांत लोधी सहित सभी हितग्राही उपस्थित रहे।

असिस्टेंट इंजीनियर तुषार विश्वास ने मौके पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए पीएम सूर्य घर योजना से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि यह योजना घरों को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाने और बिजली बिल में बचत का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना के माध्यम से प्रत्येक पात्र परिवार मुफ्त बिजली प्राप्त कर सकता है, बशर्ते वे अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाएं। इच्छुक हितग्राही अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु स्थानीय विद्युत कार्यालय या अधिकृत सोलर वेंडर से संपर्क कर सकते हैं।

यह पहल न केवल लवन नगर में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है, बल्कि आमजन को आत्मनिर्भर और ऊर्जा जागरूक भी बना रही है।

#### मुख्य बिंदु

- 04 हितग्राहियों के घरों में सोलर संयंत्र की स्थापना
- 78 हजार रुपये तक की अनुदान राशि
- नेट मीटरिंग कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण
- सौर ऊर्जा से बिजली बचत और पर्यावरण संरक्षण
- अधिक से अधिक लोगों से योजना में शामिल होने की अपील

## भालेसुर पंचायत में सरपंच ने लगाए 6 सीसीटीवी कैमरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत भालेसुर में लगे 6 सीसीटीवी कैमरे, सरपंच नवीन कुमार वर्मा की सराहनीय पहल

ग्राम पंचायत भालेसुर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने 6 सीसीटीवी कैमरे लगवाएं हैं। यह पहल न सिर्फ पंचायत क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि ग्रामवासियों में सुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करेगी। सरपंच नवीन कुमार वर्मा ने पदभार संभालने के तुरंत बाद पंचायत की प्राथमिक आवश्यकताओं का जायजा लिया। ग्रामवासियों से बातचीत करने के बाद उन्होंने पाया कि हाल के दिनों में चोरी की कुछ घटनाओं ने लोगों को चिंतित कर दिया है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पंचायत निधि और सहयोग से यह कदम उठाया। कैमरा मुख्य चौराहों, पंचायत भवन, विद्यालय के पास और प्रमुख मार्गों पर लगाए ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### चित्रकला प्रदर्शनी में 150 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन



**रायपुर।** नूतन कला संगम बूढ़ापारा द्वारा संस्कृति विभाग स्थित कला दीर्घा में दो दिवसीय 11 से 12 मई तक अभिव्यक्ति, चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूर्ति कलाकार इंद्रा घोष ने रविवार को किया। चित्रकला प्रदर्शनी में कुल 42 कलाकारों द्वारा बनाए गए 150 से अधिक चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसके अंतर्गत कलाकारों द्वारा पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेस्टल, सॉफ्ट पेस्टल, एक्रेलिक कलर, ऑयल पेंटिंग, टेक्सचर पेंटिंग एवं कैनवास पर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्र्यंबक शर्मा रहे।

### बसंत विहार कॉलोनी में सुंदरकांड संगीतमय पाठ



**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा में श्रीरामचरित मानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन स्व. नाथूराम साहू के निवास पर शनिवार को किया गया। इस दौरान जयकुमार यादव ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है, उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसका पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। इसी दौरान स्व. नाथूराम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सुपुत्रों द्वारा सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में घर के सदस्य एव कॉलोनीवासी शामिल हुए।

### अल्पसंख्य आयोग के अध्यक्ष अमरजीत का सम्मान



**रायपुर।** गुरु अमरदास साहिब के पावन प्रकाश उत्सव पर रविवार को विशेष दीवान रखा गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा का सम्मान किया। इसके बाद गुरु का लंगर रखा गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा, उपाध्यक्ष द्वय इंदरजीत सिंग छाबड़ा, तेजिंदर सिंग होरा, कल्याण सिंग, मनजीत सिंह, कुलजीत सिंह मक्कड़, कुलदीप सिंह, राजा भल्ला, रश्मित सिंग, हरजीत सिंग, इंदरपाल सिंग अजमानी समेत सैकड़ों संगत ने कीर्तन का रसपान किया।

### ज्योत्स्ना को पीएचडी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी



भिलाई ने ज्योत्स्ना चौबे को बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय आईडेंटिफिकेशन ऑफ बायोमार्कर फॉर डिफरेंटशिएटिंग ओरल कैंसर स्टेज एंड डिजीज प्रोग्रेशन यूजिंग सिस्टम बायोलॉजी अप्रोच रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, रायपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तनुश्री चटर्जी के निर्देशन एवं सिस्टम बायोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइनफॉर्मेटिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ रास्टॉक, जर्मनी के प्रोफेसर डॉ. ओलफ वोल्कान्होर के सह निर्देशन में पूरा किया।

# 20 साल में सात हजार का सोना हुआ लखटकिया, सौ साल पहले थे महज 18 रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सोने ने इतिहास में पहली एक लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। सौ साल पहले 1925 में सोने की कीमत महज 18 रुपए दस ग्राम थी, जो आज एक लाख के पार हो चुकी है। 20 साल में सोने की कीमत सात हजार से एक लाख तक पहुंची है। दस-दस साल में सोने के दाम चार गुना बढ़े हैं। 2005 में सोने की कीमत महज सात हजार रुपए थी, जो 2015 में 26 हजार के पार हुई थी। इसके बाद अब दस साल बाद 2025 में सोने की कीमत एक लाख के पार हुई है। इस साल भी दाम करीब चार गुना बढ़े हैं। सोने की कीमत ने बीते चार साल में सबसे तेज रफ्तार पकड़ी है।

## दो बार दस-दस साल में चार गुना हो गए दाम

### 2015 के बाद दाम तेजी से बढ़े

सोने की कीमत को 2015 के बाद मानो पर ही लग गए। दस साल में इसके दाम एक बार फिर से करीब चार गुना बढ़े हैं। 26 हजार से 50 हजार तक का सफर तय करने में सोने को 6 साल का समय लगा, लेकिन 50 हजार से एक लाख तक का सफर तय करने में चार साल का ही समय लगा। जो सोना 2021 में 50 हजार था, वह अब एक लाख के पार होकर एक लाख तीन सौ पचास रुपए हो गया है।

### 1980 में पहली बार हजार के पार

सोना आज तो लखपति हो गया है, लेकिन इसको हजारी बनने में 55 साल लग गए थे। सोना जहां पहली बार 1974 में पांच सौ रुपए के पार होकर 506 हुआ था, वहीं 1980 में पहली बार सोने ने हजार का आंकड़ा पार किया और कीमत 1330 रुपए हो गई। इसके बाद सोने को दो हजार तक पहुंचने में महज पांच सालों का ही सफर तय करना पड़ा। 1985 में सोना दो हजार के पार होकर 2130 रुपए हो गया। 1996 में सोना पांच हजार के पार हुआ और कीमत 5160 रुपए हो गई।

### 2005 में सात हजार थे दाम

सोने की कीमत 20 साल पहले 2005 में सात हजार रुपए थी। 2005 से 2015 के बीच के दस साल में सोने के दाम आसमान पर पहुंचे। सोना सात हजार से करीब चार गुना महंगा होकर 26845 रुपए हो गया। इतिहास में यही पहला असवसर था जब दाम इतनी तेजी से बढ़े।

### सोने के दाम 1925 से 2025 तक

1925 में 18.75 रुपए
1935 में 30.81 रुपए
1945 में 62.00 रुपए
1955 में 79.00 रुपए
1965 में 72.00 रुपए
1975 में 540 रुपए
1985 में 2130 रुपए
1995 में 4680 रुपए
2005 में 7000 रुपए
2015 में 26845 रुपए
2025 में 100350 रुपए

चार साल पहले 2021 में सोने की कीमत 50 हजार थी, जो अब डबल होकर एक लाख के पार हो गई है। इतनी तेजी से सोने के दाम इतिहास में कभी नहीं बढ़े। अगर इस साल 2025 की ही बात करें तो इस साल महज चार माह में ही इसके दाम करीब 22 हजार बढ़े हैं।

### 1925 में 18 रुपए थे दाम

सोने के सौ साल का इतिहास देखा जाए तो सोने के दाम 1925 में 18.75 थे। अपने पहले दस साल में इसके दाम 1935 में 30 रुपए तक पहुंचे। इसके बाद 1945 में इसके दाम 62 रुपए थे। आजादी के बाद 1947 में दाम 88.62 रुपए थे। पहली बार सोने ने सौ रुपए का आंकड़ा 1959 में छुआ और दाम 102 रुपए हुए।

## हीरापुर, सरोरा तथा जरवाय में ओवरपास बनाने की योजना

# सौ करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे तीन ओवरपास, पांच लाख आबादी को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बिलासपुर-रायपुर मार्ग के चौड़ीकरण होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों का दबाव पहले की तुलना में बढ़ गया है। टाटीबंध से हीरापुर मार्ग घने रिहायशी क्षेत्र के रूप में तब्दील होने की वजह से क्षेत्र में लोगों को सुगम आवाजाही की सुविधा देने ओवरपास निर्माण की अरसे से मांग की जा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हीरापुर, सरोरा तथा जरवाय चौक पर 100 करोड़ रुपए की लागत से तीन ओवरपास बनाए जाने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है।

- ट्रैफिक का दबाव कम होने से रहवासियों को मिलेगी राहत

रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम करने सिलतरा में अलग से बायपास मार्ग बनाया गया है, सिलतरा में बायपास मार्ग के निर्माण होने के बाद टाटीबंध से हीरापुर, सरोरा जाने वाले मार्ग पर जैसा ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद थी, उस लिहाज से ट्रैफिक का दबाव कम नहीं हुआ। सिलतरा में बायपास निर्माण होने के बाद टाटीबंध-हीरापुर मार्ग पर 20 प्रतिशत के करीब ट्रैफिक दबाव कम हुआ है। सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं टाटीबंध से हीरापुर, जरवाय मार्ग पर होती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए तीन स्थानों पर ओवरपास बनाने का निर्णय लिया गया है।



### सिक्सलेन का होगा ओवरपास

कबीरनगर, हीरापुर और जरवाय चौक पर ओवरपास सिक्सलेन का होगा, इसमें 3 लेन से गाड़ियां आएंगी-जाएंगी, टाटीबंध की तरफ से आने वाले यात्री जरवाय चौक के पहले फ्लाईओवर पर चढ़ेंगे। इसके बाद हीरापुर चौक से होते हुए सीधे बिलासपुर हाईवे की तरफ आगे निकल जाएंगे।

### हादसों पर लगेगी लगाम

टाटीबंध से हीरापुर और जरवाय मार्ग पर सड़क के दोनों किनारे सर्विस लेन के साथ हाईवे का वाहन चालक अघोषित तौर पर पार्किंग के रूप में उपयोग करते हैं। इसके चलते यहां आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं। ओवरपास बनने से सड़क हादसे नहीं होंगे। साथ ही चौक पर वाहन चालकों को जाम से भी राहत मिलेगी।

### इतनी लागत से बनेंगे ओवरपास

*हीरापुर, सरोरा तथा जरवाय में जो ओवरपास बनाए जाने हैं, उनमें सरोरा में 33 करोड़ 17 लाख 61 हजार, हीरापुर चौक के पास 49 करोड़ 40 लाख तथा जरवाय मार्ग पर बंगाली ढाबा के पास ओवरपास 13 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे।*

### ट्रैफिक दबाव कम, समय की बचत

*दुर्ग, जगदलपुर से बिलासपुर जाने वाले वाहनों को रिंगरोड-2 से होकर गुजरने में वर्तमान में आधे घंटे का समय लगता है। ओवरपास बन जाने से टाटीबंध-हीरापुर के रास्ते बिलासपुर जाने हाईवे तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट का समय लगेगा। इसके अलावा रिंगरोड से सटी अलग-अलग कॉलोनियों के रहवासियों को सड़क जाम तथा सड़क दुर्घटनाओं से मुक्ति मिलेगी।*

# बीकॉम-सीए फाउंडेशन के पर्चे न टकराएं, इसलिए बदली तारीख और अब सीए इंटर संग टकराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवि ने सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी जारी की। इसमें बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर भी शामिल रहा। जब पहली बार समय-सारिणी जारी की तो बीकॉम के पर्चे सीए फाउंडेशन के साथ टकरा रहे थे। छात्रों ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए बीकॉम की परीक्षा तिथि बदलने की मांग की। रविवि ने इसे स्वीकार भी कर लिया और संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी। अब बीकॉम की परीक्षाएं सीए फाउंडेशन के साथ नहीं बल्कि सीए इंटर के साथ टकरा रही है। छात्र फिर माथा पकड़कर बैठ गए हैं। छात्र अब पुनः विरोध दर्ज कराने की तैयारी में है।

- बीकॉम की परीक्षा दिलाने वाले छात्र ही शामिल होंते हैं सीए की प्रवेश परीक्षाओं में

यह पहली बार नहीं है जब रविवि द्वारा बीकॉम और सीए की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि टकराने के कारण तिथियों में बदलाव किया गया हो। बीते वर्ष भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। इसके बाद रविवि द्वारा समय-सारिणी में परिवर्तन किया गया था। सीए प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां पूर्व में ही घोषित हो चुकी थी। इसके बाद भी रविवि द्वारा टाइम-टेबल तैयार करते समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बार-बार बदलाव से ना केवल छात्रों में भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है, बल्कि महाविद्यालय भी इससे परेशान हो गए हैं।

### अन्य विषयों में भी बदलाव

जारी की गई नवीन समय-सारिणी के अनुसार, बीकॉम की सीएमए की परीक्षा सीए इंटर मीडियट से टकराएगी। यदि छात्र दोनों में से एक भी परीक्षा छोड़ते हैं जो उनका एक वर्ष खराब होगा। रविवि द्वारा ना सिर्फ बीकॉम बल्कि कई अन्य विषयों की समय-सारिणी में भी बदलाव किया गया है। छात्रों द्वारा कोर्स पूण नहीं होने की शिकायत के बाद सेमेस्टर की परीक्षाएं मई के स्थान पर जून में कराने का निर्णय रविवि द्वारा पिछले सप्ताह लिया गया था।

### तीन चरणों में होती है परीक्षा

गौरतलब है कि सीए बनने के लिए तीन चरणों में परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती है। सर्वप्रथम सीए फाउंडेशन की परीक्षा होती है। इसे उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को अगले वर्ष सीए इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिलानी होगी। इसके बाद आर्टिकल-सी पूर्ण करना होता है। अंत में इंटर फाइनल की परीक्षाएं होती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में चार से पांच साल का समय लग जाता है। ऐसे में अधिकतर विद्यार्थी सीए की तैयारियों के साथ-साथ बीकॉम-एमकॉम की पढ़ाई भी कर रहे होते हैं।

# छत्तीसगढ़ समेत देशभर में हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के कंठ सूखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) में तकनीकी खराबी आने की वजह से पिछले पांच दिनों से एचपी डीलरों के पंपों में समय पर पेट्रोल, डीजल नहीं मिल पा रहा है। एचपी पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रतिनिधि अभय पारख के अनुसार, डिपो में पर्याप्त स्टाक है। एचपी के सर्वर में तकनीकी खामी होने की वजह से डीलरों के टैंकर में पेट्रोल, डीजल मैनुअल तरीके से भरा जा रहा है। इस वजह से पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति में देर हो रही है।

- तकनीकी खामी के चलते समय पर नहीं पहुंच रहे टैंकर

अभय पारख के अनुसार, विगत 7 मई से सर्वर में तकनीकी खामी आने के बाद से ऑयल आपूर्ति प्रभावित हुई है। एचपी से जुड़ी तकनीकी टीम सर्वर ठीक करने की कोशिश में जुटी हुई है। एचपी प्रबंधन द्वारा तकनीकी खामी को 30 प्रतिशत तक सुधार लिया है। एचपी एसोसिएशन के प्रतिनिधि के अनुसार, एक दो दिन में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

### राज्य में साढ़े सात सौ एचपी डीलर

राज्य में एचपी के साढ़े सात सौ डीलर हैं। सर्वर में तकनीकी खराबी आने को लेकर साइबर अटैक करने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन एचपी प्रबंधन ने किसी भी तरह का साइबर अटैक होने की बात से इंकार किया है। सर्वर में किस तरह की खामी आई थी, इसे लेकर एचपी प्रबंधन ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। साथ ही जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होने का दावा किया है।

### महज 20 प्रतिशत टैंकरों में भर पा रहे ऑयल

सर्वर में तकनीकी खराबी आने की वजह से डिपो में महज 20 प्रतिशत टैंकरों में पेट्रोल, डीजल भरा जा रहा है। इसकी वजह, जो ऑनलाइन सिस्टम से काम होता था, उसे मैनुअल तरीके से करना पड़ रहा है। हालांकि रविवार को स्थिति में सुधार होने का दावा किया गया है।

# मशीन से अरमान नाले की सफाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 4 वार्डों के रिहाइशी इलाकों में जलभराव का कारण बन रहे अरमान नाले की मशीन से सफाई का कार्य रविवार से शुरू हो गया है। नाले में भारी मात्रा में कचरा और तल तक सील्ट की मोटी परत जमने से उसकी तल तक सफाई टेल एंड तक करने की जरूरत है। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने रविवार को जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के साथ अरमान नाला का निरीक्षण कर तल तक एक छोर से दूसरे छोर तक सफाई कराने के लिए कहा है, ताकि बारिश के समय चार वार्डों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। अरमान नाले की बारिश पूर्व सफाई में निगम प्रशासन जुट गया है। अरमान नाला बारिश के समय शहर के पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, कालीमाता वार्ड और शंकरनगर वार्ड को प्रभावित करता है। पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से नई बस्ती में बारिश के समय जलभराव होता है। इसलिए अभी से उचित प्रयास किए्र जाने चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में बस्ती के रहवासियों को जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े। इसके लिए अरमान नाले का पूरी प्लानिंग के साथ सफाई कार्य शुरू कराया गया है।

- पार्षद आकाश तिवारी ने जोन 4 कमिश्नर के साथ किया निरीक्षण

# ई-व्हीकल चार्जिंग से नगर निगम को 8 माह में 2.50 लाख की कमाई

## दिल्ली की अनुबंधित एजेंसी जीवा ने शहर के 4 स्थानों पर स्थापित किए हैं ई-चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने अब ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन से आमदनी का जरिया जुटा लिया है। पिछले 8 माह में नगर निगम को इससे 2.50 लाख रुपए कमाई हुई। चार्जिंग कराने वालों से दिल्ली की कंपनी 18 रुपए प्रति यूनिट शुल्क ले रही है। इसमें नगर निगम का हिस्सा 10 रुपए और कंपनी की जेब में 8 रुपए जा रहे हैं। अनुबंधित कंपनी ने फिलहाल शहर के 4 स्थानों पर ई-व्हीकल के लिए चार्जिंग स्टेशन खोला है।

- 18 रुपए प्रति यूनिट चार्जिंग शुल्क, 8 रुपए कंपनी को 10 रुपए निगम के हिस्से में

दरअसल इको फ्रेंडली सुगम आवागमन को बढ़ावा देने शहर में ई-व्हीकल का प्रचलन बढ़ा है। इसे देखते हुए रायपुर नगर निगम ने दिल्ली की एजेंसी जीवा के साथ अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी ने शुरुआत में फोर व्हीलर ई-व्हीकल धारकों के लिए शहर में निगम मुख्यालय परिसर भाठागांव के पास स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल, जयस्तंभ चौक के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और कलेक्टोरेट के पास स्थित हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग के पास ई-व्हीकल चार्जिंग के लिए सुविधा दी है, ताकि ई-व्हीकल चालक अपनी गाड़ी आसानी से रीचार्ज करा सकें।





### 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से चार्जिंग स्टेशन

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से शहर में 4 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसके संचालन व संधारण के लिए निगम ने दिल्ली की कंपनी जीवा के साथ अनुबंध किया है। हालांकि इसकी शुरुआत अभी फोर व्हीलर ई-व्हीकल से की गई है। अच्छा रिस्पांस मिलने पर आने वाले दिनों में थ्री व्हीलर चालकों के लिए भी ई-व्हीकल की चार्जिंग कराने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## नई दिल्ली में आयोजन, देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे

# देश के खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के खिलाफ 16 मई को दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के करीब 140 करोड़ के सालाना खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के विरोध में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी 16 मई को दिल्ली में होने जा रही है, जिसमें देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि ई-कामर्स और क्विक कामर्स कंपनियों की चालों का सामना करने 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कांफ्रेंस में इस मुद्दे पर मुख्य वक्तव्य देंगी। श्री पारवानी ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षडयंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों पर भी ये कंपनियां कब्जा करने की कोशिश में जुटी हैं।

### जमकर विरोध करें व्यापारी

श्री पारवानी एवं श्री जैन ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है, जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी जमकर विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी, जिससे निकली रणनीति के आधार पर देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान की शुरुआत की जाएगी।

# सांसद बृजमोहन से की जोरा में लोकल मेमू के स्टॉपेज की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को जोरा में लोकल मेमू ट्रेन का स्टॉपेज देने की मांग को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष द्रौपदी सूर्यवंशी ने बताया कि नई राजधानी से अभनपुर और अभनपुर से भी आगे धमतरी तक पिछले दिनों शुरू हुई लोकल मेमू ट्रेन की सुविधा बढ़ेगी तो फिर सड़क मार्ग से भी सुरक्षित सभी कामकाजी लोगों के लिए जोरा स्टॉपेज का महत्व बढ़ जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का मुख्यालय भी इसी जोरा क्षेत्र में है, जहां पर देशव्यापी और संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के कोने-कोने से विद्यार्थी वर्ग और उनके माता-पिता तथा अभिभावकों का बड़ी संख्या में आना-जाना लगा रहता है। वर्तमान में जोरा क्षेत्र में अच्छे-अच्छे अस्पताल, मॉल और शादियों के प्रतिष्ठानों की संख्या भी अधिक है, इसलिए इस नई लोकल मेमू ट्रेन का स्टॉपेज जोरा में शुरू कर देने से अधिक से अधिक जनता जनार्दन को लाभ मिलेगा, जिस पर सांसद द्वारा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया गया। मांग करने वालों में डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी और तनु साहू, समिति के कार्यकारिणी सदस्य आदि शामिल रहे।

# प्रार्थना के समय बच्चों से कहने होंगे अच्छे विचार, ताकि दूर हो सके मानसिक तनाव

## नए शैक्षणिक सत्र से लागू होगी व्यवस्था, सुविधानुसार चुन सकेंगे कथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

एक तरफ जहां कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों को बोर्ड परीक्षा 2025 के रिजल्ट का इंतजार है, तो दूसरी ओर सीबीएसई ने सभी संबद्ध स्कूलों को नए एकेडमिक सेशन से एक निर्देश लागू करने को कहा है। सीबीएसई ने सभी स्कूलों से कहा कि वे रोज अपने स्कूल में सुबह प्रार्थना के समय छात्रों से पॉजिटिव बातें यानी अच्छे विचार कहने को कहें। यह निर्देश आने वाले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से ही लागू होगा। जारी किए गए पत्र में बोर्ड ने कहा कि यह कदम छात्रों के सोच में सकारात्मकता लाएगा। आगे कहा गया प्रार्थना के समय कहे गए छोटे-छोटे विचार के दिमाग पर अमिट छाप छोड़ेंगे, जिससे वे अच्छाई की राह पर ही चलेंगे।

बोर्ड का कहना है कि इन विचारों के साथ नियमित रूप से जुड़ने वाले व्यक्ति के मेंटल हेल्थ, आत्मविश्वास और एकाग्रता में वृद्धि देखी गई है। इसका उद्देश्य बच्चों को महज शैक्षणिक रूप से, बल्कि भावनात्मक रूप से भी विकसित करने में मदद करना है और उन्हें आत्मविश्वासी व्यक्ति बनने में मदद करना है।

### सहजता के आधार पर भाषा का चयन

विद्यार्थियों के सुलभता के अनुरूप भाषा का विकल्प अपनाया जा सकता है, यानी छात्र जिस भाषा में सहज है, उस भाषा में उक्त कथन कह सकता है। मैं हमेशा खुश रहती हूं या रहता हूं, मैं हर स्थिति में शांत और स्थिर रहता हूं या रहती हूं, मेरी एकाग्रता और स्मरण शक्ति अच्छी है, मेरा शरीर पूर्णतः स्वस्थ और रोगमुक्त है, मैं गैजेट्स का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए करता या करती हूं, मैं सबका सम्मान करता या करती हूं, मैं प्रकृति का भी सम्मान करता या करती हूं, जैसी सकारात्मक पंक्तियां छात्र प्रार्थना के बाद दोहराएंगे।




### गाइडलाइन भी किए हैं जारी

सीबीएसई ने स्कूलों के लिए कुछ गाइडलाइन भी जारी किए हैं। इसके अनुसार स्कूल हर सुबह असेंबली के दौरान 1-2 छोटे-छोटे कथन कह सकते हैं। बोले जाने वाले ये कथन आयु के मुताबिक समावेशी और सहानुभूति, साहस और आत्म-मूल्य के मूल्यों पर आधारित होने चाहिए। स्कूल अपने मूल मूल्यों के साथ कथन को और भी अनुकूलित कर सकते हैं। कथन को सुनाने या बनाने में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सकता है। स्कूल अपनी मौजूदा असेंबली स्ट्रक्चर के साथ नए फॉर्मेट के लिए स्वतंत्र हैं। स्कूल चाहें तो इसे ब्लैकबोर्ड में लिख सकते हैं अथवा कक्षा में भी यह गतिविधि कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पूजा-अर्चना की

**रायपुर।** विगत दिनों 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने भारतीय हिंदू पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जिसके जवाब में केंद्र की मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से करारा जवाब देते भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें ध्वस्त कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए महिला मोर्चा मंडल के पदाधिकारियों ने पुरानी बस्ती स्थित कंकाली मंदिर में शनिवार को पूजा-अर्चना की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष सुमन मुथा, ममता यादव, ज्योति पवार, अजय साहू, राजू बीरनानी, गिरीश अवधिया आदि शामिल हुए।

### युवा कांग्रेसियों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

रायपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए कायराना आतंकी हमले में मासूम नागरिकों की शहादत पर युवा कांग्रेस रायपुर ने कड़ा विरोध करते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। इस जघन्य हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई, जिससे पूरे देश में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, देश को ऐसे हमलों से बचाने के लिए एकजुटता और कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। युवा कांग्रेस हर मोर्चे पर देश के साथ खड़ी है। इस प्रदर्शन में जिला महासचिव ताजुल अहमद, प्रदेश सचिव आसिफ खान, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया को-ऑर्डिनेटर ऋषभ चंद्राकर, शेख रफीक, पलाश मल्होत्रा, विशाल राजानी, अब्दुल अलीम, शाहिद खान आदि मौजूद थे।

### संविधान हीरक जयंती समारोह पर आमसभा आज

रायपुर। राजधानी के शहीद स्मारक भवन सभागार में 12 मई को संविधान के हीरक जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के नेतृत्व में राज्य स्तरीय परिचर्चा का आयोजन किया गया है। साथ ही आमसभा भी होगी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन और सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

# स्कार्पियो खंभे से टकराई और घर में घुसी, कई हुए घायल

**घटना ने खोली इमरजेंसी व्यवस्था की पोल, 108 नहीं पहुंची समय पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

रविवार की सुबह 5 बजे धाराशिव क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ जब तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक CG 04 PT 9005 ने बिजली के खंभे को तोड़ते हुए एक घर की दीवार में जा घुसी। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब वाहन चालक को झपकी लग गई और नियंत्रण खो बैठा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्कार्पियो में ड्राइवर सहित कुल 7 लोग सवार थे, जो कि काशीगढ़, जैजैपुर जिला जांजगीर-चांपा से एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। सभी यात्री मांढर के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो लवन-खरतोरा मार्ग होते हुए घर लौट रहे थे। धाराशिव के निकट पहुंचने पर चालक को नींद की झपकी आ गई, जिससे गाड़ी बेकाबू हो गई और सीधे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ते हुए खेदूराम बंजारे के मकान की दीवार में जा धंसी। इस हादसे में हादसे में स्कार्पियो सवार सभी लोग घायल हुए हैं, हालांकि किसी की जान को गंभीर खतरा नहीं है। घायलों के बताये अनुसार घटना के समय सभी यात्री गाड़ी में सो रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

**बिजली आपूर्ति बाधित, घरेलू उपकरण क्षतिग्रस्त:** हादसे में बिजली का खंभा टूट जाने से आसपास के कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। खंभे से जुड़े कनेक्शन टूट जाने के कारण पंखे, कूलर, लाइट और वायर आदि क्षतिग्रस्त हो गए हैं। खेदूराम बंजारे के मकान को भी गाड़ी की टक्कर से नुकसान पहुंचा है, जिसकी दीवार बुरी तरह टूट गई है।

### प्रशासन से मुआवजे की मांग

घटना के बाद स्थानीय लोगों और पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। घर और बिजली आपूर्ति के हुए नुकसान की भरपाई की मांग की जा रही है। यह हादसा स्पष्ट रूप से नींद की झपकी और लापरवाही का नतीजा है, जो एक बड़े हादसे का रूप ले सकता था। साथ ही 108 एम्बुलेंस सेवा की विफलता एक बार फिर इमरजेंसी व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। आवश्यकता है कि प्रशासन त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।



### निजी ऑटो से अस्पताल लाए गए घायल

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन घंटों इंतजार के बावजूद एम्बुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। मजबूरन घायलों को निजी ऑटो की सहायता से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। यह स्थिति राज्य की इमरजेंसी स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस थाना, तहसील कार्यालय और बिजली विभाग को दे दी है। समाचार लिखे जाने तक संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गांधी ग्राम जीवन की आत्मा थे, कॉलेज में हुआ व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विगत दिनों शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ एके उपाध्याय के निर्देशन में अमृत महोत्सव काल में स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की भूमिका छत्तीसगढ़ के संदर्भ में रखा गया। इसमें मुख्य वक्ता रामप्रकाश जोशी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान थे। मुख्य अतिथि ने स्थानीय स्वशासन के जनक गांधीजी को बताया। साथ ही कहा कि गांधीजी द्वारा स्थानीय स्वशासन को ग्राम जीवन का आत्मा कहा गया है, जिसमें स्थानीय स्वशासन स्वयं ही कार्यपालिका व्यवस्थापिका न्यायपालिका है जो गांव के लोगों को समानता मौलिकता तथा सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं से जोड़ती है।

छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा युवा ऊर्जावान होते हैं जो खुद विकसित होकर देश को विकसित करने में अग्रसर होते हैं।

कार्यक्रम का संचालन तुलसी पैकरा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान द्वारा तथा आभार व्यक्त अतिथि व्याख्याता डा. कंचन गिलहरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एम ए चतुर्थ सेमेस्टर तथा द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# सुशासन तिहार में मिले 95 प्रतिशत आवेदन विभागों को भेजकर बता दिए निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार के आवेदनों की कार्यवाही को सरकार अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि सरकार को मिले 95 प्रतिशत आवेदनों को संबधित विभागों को भेजकर निराकृत होने का दावा किया जा रहा है। किसी भी आवेदन पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई। साय सरकार का सुशासन तिहार फ्लॉप साबित हुआ है।

- कांग्रेस ने आवेदनों पर की गई कार्रवाई सार्वजनिक करने की मांग की

***सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदन :*** सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से संबंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक आवेदन आए थे, जिनका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान हैं, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। और जिम्मेदार तिहार मना रहे हैं।

# सड़क हादसे के मृतकों को तहसील साहू संघ ने दी श्रद्धांजलि



**खरोरा।** ग्राम मटिया में तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवां के युवाओं ने बंगोली में ट्रक और ट्रेलर के बीच हुई दर्दनाक सड़क हादसे में 13 लोगों की मृत्यु की खबर दुःख जताया है। इस दुर्घटना में बहुत लोग घायल भी हुए।तहसील युवा साहू समाज धरसींवा के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दुखी परिवार के साथ रहने एवं परिवार वालों को उचित मूआवजा दिलाने शासन से अपील की। इसमें तहसील अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष कमल साहू, थलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष सुशील साहू, संगठन सचिव लक्की साहू, तुलेश्वर साहू, संयुक्त सचिव ईश्वर साहू, राजेंद्र साहू, दुष्यंत साहू, डिगेश साहू, देवकुमार साहू, राहुल साहू, गिरधारी साहू शामिल हुए और ईश्वर से सभी पुण्यात्माओं के शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन




डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, चंगोरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्राचार्य दीपा पांडे ने परीक्षा परिणाम जारी करते हुए बच्चों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्रों ने परिश्रम, अनुशासन और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। नर्सरी कक्षा में याचना यादव, देवांश सेन और जिज्ञासु टंडन ने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। भूमि वर्मा 94.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा खुशांत वर्मा 93 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। केजी-1 में आराध्या वर्मा ने 99.5 प्रतिशत, गौरव निर्मलकर ने 97.5 द्वितीय और चित्रांश वर्मा ने 97 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। केजी-2 में प्रियंका टंडन ने 99.5 प्रथम, सौरभ 99 द्वितीय और मोक्ष वर्मा 97.5 प्रतिशत तृतीय स्थान। कक्षा पहली से नवमीं तक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं के चार विद्यार्थियों में दीपाली साहू ने 92.26 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वैष्णवी वर्मा ने 67 प्रतिशत, यमन देवांगन ने 61 प्रतिशत एवं निलेश वर्मा ने 53 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# प्रचंड गर्मी के बिना बीतेगा इस बार का नवतपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मान्यता के अनुसार सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने की वजह से नवतपा के दौरान प्रचंड गर्मी पड़ती है। इस बार देश में मानसून गतिविधि समय से पहले शुरू होने की वजह से नवतपा अतिभारी गर्मी के बिना बीतेगा। वातावरण में आर्द्रता बढ़ने की वजह से नवतपा का असर कम होने का अनुमान मौसम तथा ज्योतिष के जानकार भी लगा रहे हैं। इसके पूर्व गर्मी जरूर अपना ज्यादा असर दिखा सकती है। इस बार नवतपा 25 मई से शुरू होकर 3 जून तक प्रभावी रहेगा। सामान्यतः इस



अवधि में पृथ्वी का तापमान बढ़ जाता है और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है। पिछली बार नवतपा की अवधि में मई का सर्वाधिक तापमान एक दिन 47 डिग्री के करीब पहुंचा था। इस बार सर्वाधिक तापमान उस स्थिति तक पहुंचने की संभावना काफी कम है और पारा 44-45 डिग्री पर सिमटने की गुंजाइश है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, इस बार देश में मानसून गतिविधि समय से पहले शुरू होगी और केरल तक इसकी दस्तक मई के अंत में होने की संभावना है। इसके प्रभाव से वातावरण में आर्द्रता की मात्रा बढ़ जाएगी, जिससे पारा बहुत अधिक नहीं चढ़ेगा। हालांकि इस संभावना भी इंकार नहीं किया जा रहा है कि मई के अंतिम सप्ताह में नमी की मात्रा बढ़ने से चिपचिपाहट वाली बेचैनी बढ़ जाएगी।

# विधायक मूणत ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने रविवार को जोन 7 के 2 वार्डों में 1 करोड़ 18 लाख के आधा दर्जन नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

- सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, संत रामदास वार्ड के नागरिकों को सौगात

संत रामदास वार्ड और सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण और जीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य शामिल है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजेश मूणत ने 1 करोड़ 18 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से 6 विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र कराने भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री मूणत ने कहा कि इन कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों की जरूरतों को पूरा कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि रायपुर पश्चिम का कोई भी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें जमीन पर उतारना ही मेरी सबसे बड़ी जवाबदेही है। सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में अधोसंरचना मद से 40 लाख रुपए की लागत से जीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य, 20 लाख रुपए की लागत से शीतला माता मंदिर के समीप शेड आदि निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार संत रामदास वार्ड में 35 लाख रुपए की लागत से कर्मा चौक पर सौंदर्यीकरण कार्य, 10 लाख रुपए की लागत से रामनगर पुलिस चौकी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 10 लाख रुपए की लागत से भवानी नगर, भरत नगर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाएंगे।



### नाली से कब्जा हटाया 5 हजार जुर्माना वसूला

श्री मूणत ने कबीर चौक रामनगर में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य जल्द कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ को निर्देश दिए। साथ ही रामनगर मुख्य मार्ग में नाली पर कब्जा जमाकर लगाए गए मुर्गी दुकान को हटाने के निर्देश जोन 7 के कमिश्नर को दिए।जोन 7 की टीम द्वारा रामनगर मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर से मुर्गी दुकान तत्काल हटाकर संबंधित दुकानदार से 5 हजार रुपए सड़क बाधा जुर्माना वसूला गया। इस मौके लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद भोलाराम साहू, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, जोन 8 के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, अपर आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ यूएस अग्रवाल, प्रभारी अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे, अतुल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### पुलिस ने बरती...

प्रकार से चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं, उसने व्यापारियों और ग्राहकों के बीच भय का वातावरण बना दिया है। बलौदा बाजार जैसे नगर की आर्थिक जीवनरेखा उसका व्यापार है- यदि ग्राहक ही नहीं आएंगे तो बाजार कैसे चलेगा? हमारी मांग है कि प्रशासन ऐसी कार्रवाई योजनाबद्ध और व्यापार हितैषी तरीके से संचालित करें, ताकि सुरक्षा भी बनी रहे और व्यापार भी प्रभावित न हो।

### 85 लीटर महुआ ...

गया। टीम में संभागीय उड़नदस्ता रायपुर के सदस्य भी शामिल रहे।ज्ञातव्य है कि आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशों के तहत, जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में लगातार अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय गश्त एवं छापेमारी की कार्यवाहियां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

### युवक पर धारदार...

तत्काल आरोपियों के पतासाजी के लिए अलग-अलग टीम गठित कर सघन तलाशी ली गई। इस वारदात के पीड़ित के भाई खगेश्वर रत्नाकर की रिपोर्ट पर सरसीवा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 191 (2), 191(3), 118 BNS के अंतर्गत विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना पर उपरोक्त आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आपसी रंजिश के चलते अन्य 6 साथियों के साथ यशवंत को लात घुसा, बेल्ट और चाकू से पीठ पर हमला करना बताए। आरोपियों में आयुष दुबे उर्फ बबला पिता मनोज कुमार दुबे निवासी सारंगढ़, कुनाल पिता राजकुमार मनहर, रवि पिता आत्माराम यादव, रोहन पिता कार्तिक राम कुर्रे, भीष्म मैत्री उर्फ गली पिता रामायण, चारों निवासी ग्राम चंदाई, थाना सारंगढ़, रोशन कुमार उर्फ मोनू पिता नरेंद्र तिवारी, हेमंत पिता भारत यादव दोनों निवासी गोडीहारी, थाना सारंगढ़ के निवासी हैं। उपरोक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, फरार अन्य 6 आरोपियों की सरसीवा पुलिस पतासाजी में जुटी है।

### भालेसुर पंचायत में ...

गए हैं, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। ग्राम सचिव ने बताया कि कैमरों की रिकॉर्डिंग स्थानीय स्तर पर सुरक्षित रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए सरपंच का आभार जताया है। उनका मानना है कि यह कदम न केवल अपराध पर रोक लगाएगा, बल्कि अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। सरपंच वर्मा ने कहा, मेरी प्राथमिकता है कि ग्रामवासियों को सुरक्षित वातावरण मिले और यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।



## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। 43 घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गायत्री परिवार के घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया और बुद्ध पूर्णिमा को देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति हुए थे और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस शुभ अवसर पर व्रत, पूजा और कथा श्रवण का विशेष महत्व होते है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा की व्रत कथा पढ़ने और सुनने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति को हर कार्य में सफलता मिलती है। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन उपवास रखा जाता है, साफ-सफाई के साथ घर में बुद्ध भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते है। धूप-दीप, फूल, फल, चंदन और नैवेद्य से भगवान बुद्ध की आराधना की जाते है। बुद्ध व्रत कथा का पाठ करने से सभी पुण्य की प्राप्त होते है।

### रेडक्रॉस दिवस पर मानवता का महापर्व, रक्तदान शिविर एवं जनजागरूकता अभियान

**महासमुंद**। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय मेडिकल कालेज में हुआ। डॉ.अशोक गिरि गोस्वामी (जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि) ने रेडक्रॉस की सेवा यात्रा और विविध गतिविधियों की विस्तृत झलक प्रस्तुत की। संदीप दीवान (चेयरमैन) ने जीवंत उदाहरणों के माध्यम से रेडक्रॉस की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित किया। डॉ. आरके परदल (वाइस चेयरमैन) ने संगठन के ऐतिहासिक विकास और उसकी प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला। किरण पटेल (ब्लॉक रेडक्रॉस सचिव) ने टीम भावना, चुनौतियों और समर्पण की सुंदर व्याख्या की। दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सभापति एवं सदस्य ने रेडक्रॉस सदस्यों की सामाजिक जिम्मेदारियों को उजागर करते हुए उन्हें समाज के सच्चे संरक्षक बताया। हेमलता मालिकार ने विद्यार्थियों की भूमिका और मानवीय मूल्यों की अहमियत को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

### पीएमश्री सेजेस बठेना स्कूल में आज से समर कैम्प का आयोजन

**धमतरी**। शहर के मध्य में स्थित पीएमश्री एमआरडी स्कूल में 13 मई से 25 मई तक समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस समर कैम्प में कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक छात्र छात्राएं भाग ले सकेंगे। पीएमश्री योजना के तहत समर कैम्प में प्रतिदिन छात्र छात्राओं को स्वल्पाहार (नाश्ता) प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। सभी विद्यार्थी 13 मई को प्रातः 7:30 बजे स्कूल में अपनी उपस्थिति देंगे। यह कार्यक्रम प्रतिदिन 7:30 से 9:30 तक चलेगी। उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार समर कैम्प में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिसमें योगा सेशन, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले माडलिंग, जुम्बा डांस, इंट्रेस्टिंग गेम्स, चुटकुले, कहानी, ब्यूटी पार्लर, जनरल नालेज, कम्युनिकेशन स्किल आदि मजेदार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

### निधन

### बिसंभर यादव

**अमेरा**। ग्राम परसदा (जोता) निवासी बिसंभर यादव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मोक्ष धाम की किया गया। वह डॉ. धनसिंग यादव व धनसाय यादव के पिता एवं पटवारी टीकाराम यादव के ससुर थे। अंतिम संस्कार में स्वजातिगणों के साथ ग्रामवासी भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण लीलाओं से भावविभोर हुए जनमानस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के मंगलम्-कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास वसुधा श्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और लीलाओं का भावनात्मक एवं आध्यात्मिक वर्णन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

वसुधा श्री ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से जीवन के समस्त कष्ट दूर हो जाते हैं। उन्होंने परमात्मा की सत्ता को समझाते हुए कहा, परमात्मा ही परम सत्य हैं। जब हमारी वृत्ति भगवान में लीन होती है, तब संसार की माया फीकी लगने लगती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे बादल के छाने से आकाश नहीं मिटता, वैसे ही संसार के लुप्त होने पर भी परमात्मा अमिट रहते हैं।

कथा के दौरान संगीतमय भजनों ने श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। वातावरण भक्तिमय हो उठा और हर कोई श्रीकृष्ण की लीलाओं में डूब गया।

इस दिव्य आयोजन के आयोजक कालूराम सोनी, अनिल सोनी, सुनील सोनी, राजेंद्र सोनी, अभिनव सोनी एवं राजस्थान परिवार के अन्य सदस्य रहे। आयोजन में मुख्य आचार्य धनेश्वर जी शास्त्री ने प्रसन्नता पूर्वक समस्त जानकारी साझा की और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

## नगर में वसुधा श्री की भागवत कथा जारी



### परमात्मा की खोज करनी चाहिए

श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों के घर से माखन चुराने की कथा को उन्होंने गूढ़ आध्यात्मिक संकेत बताते हुए कहा कि माखन दूध का सार है और प्रभु ने सार को लिया, असार को छोड़ा। यह हमें सिखाता है कि हमें संसार के नश्वर भोगों की बजाय, आत्मा रूपी परमात्मा की खोज करनी चाहिए। वसुधा श्री ने श्रीकृष्ण को केवल लीलाओं के नायक नहीं, बल्कि जगद्गुरु बताया। जिन्होंने ग्वाल-बालों के आत्मिक उत्थान का कार्य किया। उन्होंने कहा कि भक्ति, प्रेम और आत्मबोध से युक्त जीवन ही वास्तविक कल्याण का मार्ग है।

## आवश्यक काम पूरा करने सचिव के निवास स्थान जाना पड़ रहा ग्रामीणों को

# सचिव की अनुपस्थिति से ग्रामीण हैं परेशान, मीडिया के सवाल पर भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम पंचायत मुड़पार में सचिव की अनियमित उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव सचिन माह में केवल दो से तीन बार ही पंचायत कार्यालय में उपस्थित होते हैं, वह भी तब जब उन्हें फोन कर बुलाया जाता है। ज्यादातर उनके निवास गांव बिलई डबरी जाकर कार्य कराते हैं, जबकि उन्हें रोज ऑफिस में बैठना चाहिए। कब किसे क्या काम आ जाए कोई नहीं जनता, ऑफिस खुलने बंद होने का समय भी अंकित नहीं है।

कार्यकाल लगभग 6 साल से अधिक हो रहा हैं, यही रवैया है, उनकी इस लापरवाही से ग्रामीणों को आवश्यक दस्तावेजों और योजनाओं से संबंधित कार्यों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि पंचायत में एक ऐसे सचिव की नियुक्ति की जाए जो नियमित रूप से उपस्थित रहकर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करें।

जब हरिभूमि की टीम ने सचिव सचिन से इस विषय में जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने बेहद असहज और आक्रामक रवैया अपनाया। सवाल पूछे जाने पर उन्होंने मीडिया कर्मियों को डराने-धमकाने की कोशिश की और कैमरा बंद करने का दबाव बनाने लगे। उनका कहना था, कैमरा बंद करो, फिर बताता हूं।

सचिव की इस प्रतिक्रिया से मीडिया कर्मी स्तब्ध रह गए। सवाल मात्र यह था कि वह नियमित रूप से कार्यालय में क्यों नहीं आते, लेकिन इस पर उनका क्रोधित होना ग्रामीणों की शिकायतों को और पुख्ता करता है।

ग्रामवासियों की यह मांग अब प्रशासन तक पहुंचाई जा रही है कि या तो सचिव को नियमित उपस्थिति के लिए बाध्य किया जाए या उनकी जगह किसी जिम्मेदार व्यक्ति की नियुक्ति की जाए।




### ग्रामीणों ने गिनाई समस्याएं

ग्रामीण महिला सुनीता ने बताया 5 से 6 साल से अधिक हो गए हैं। आवास योजना में फॉर्म भरे अब तक नहीं आया। सचिव सरपंच को कई बार बोल चुके हैं आएगा बस बोल देते हैं बहुत परेशान हो चुके हैं।ग्रामीण महिला अनीता ने बताया 3 साल से अधिक हो रहे हैं और गैस कनेक्शन हेतु उज्ज्वला योजना के लिए फॉर्म भरे हुए, लेकिन अब तक प्राप्त नहीं हुआ है बहुत परेशानी होती है, घर में धुआं भर जाता है बच्चे धुएं के कारण नहीं पढ़ पा रहे हैं।

### किसी से भेदभाव न हो

सरस्वती ने बताया दूसरे पारा वालों को रापा फावड़ा दिए हैं हम लोगों को नहीं मिला है सबको बराबर मिलना चाहिए, भेदभाव नहीं करना चाहिए। बहुत सारे सरकारी योजना की जानकारी हम लोग को नहीं मिल पाती। मिनल ने बताया सचिव हफ्ता 15 दिन में एकाध बार आते हैं, उन्हें रोज आना चाहिए,गोदी माटी नहीं चल रही है बहुत परेशानी हो रही है।

### पहले कैमरा बंद करो, फिर बताता हूं : सचिव

ग्राम पंचायत मुड़पार सचिव दूजेराम यदु ने कहा पहले केमरे को बंद कर दो फिर बताता हू, मैं तो डेली आता हू कौन जानकारी दिया इस तरह से, किसी ग्रामीण का काम रुका हो तो बता दो उसका नाम, ग्राम पंचायत तिल्दा बांधा में भी अतिरिक्त प्रभार है, हफ्ते में दो दिन जाता हू एक दिन जनपद पंचायत सिमगा जाता हू। ग्राम पंचायत मुड़पार सरपंच प्रतिनिधि रोहित कुमार निषाद ने बताया सचिव का महीने में 2 से 3 दिन बैठने से ग्रामीणों को परेशानी होती है मैं चाहता हू कि एक गांव को करो परमानेंट या मत आए, ऐसे तो हटाने की कोशिश कर रहे हैं जारी है सचिव को, क्या है कि लेट लतीफ होते रहता है आए दिन और आदमी लोग बहुत परेशान है ।

### जांच कर बताऊंगा

जांच करवा के ही बता पाऊंगा एक बार जांच करवा लेता हू फिर बताता हू।

**- अमित दुबे** सीईओ जनपद पंचायत, सिमगा

## आज की दुनिया में बुद्ध के सिद्धांत पहले से अधिक प्रासंगिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में ग्राम छुईहा में बुद्ध पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर मुख्य अतिथि रहे, जबकि केंद्रीय संचालन समिति सदस्य राजकुमार बंजारे ने अध्यक्षता की।

■ बुद्ध पूर्णिमा पर भारत माता सेवा ट्रस्ट ने किया भव्य आयोजन

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध की प्रतिमा की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर श्री धुरंधर ने भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके शांति, करुणा और अहिंसा के संदेशों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में बुद्ध के सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं।



कार्यक्रम के अंत में भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की स्मृति में भैया राम यादव द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस आयोजन में गांव के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से लखन लाल यादव, निर्मल कुर्रे, सुरीत यादव, गोपाल यादव, अजय सोनवानी, टिकेश्वर सोनवानी, रोमेश बंजारे, फेकराम यादव और सोमनाथ यादव की सक्रिय सहभागिता रही।

### निराश्रित व वृद्धजन सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप खीर और पूड़ी का वितरण किया गया। साथ ही ट्रस्ट की ओर से ग्राम की दो निराश्रित विधवा वृद्धाएं-बैसाखिन यादव एवं कलिन्द्री यादव को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे गेम, किया मेडिटेशन और योगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कसडोल में 4 से 11 मई तक सात दिवसीय 5वी क्लास के बच्चों से लेकर 10वीं के लिए समर कैंप का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों को गेम, डांस, ड्राइंग, मेडिटेशन के साथ योगा सिखाया गया। संस्था संचालिका बीके सीता और हेमकुमारी के द्वारा 30 बच्चों को योगा सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नशे के खिलाफ एवं इसके दुष्प्रभाव के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बखूबी बताया गया। नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि समर कैंप से बच्चों के व्यक्तित्व का विकास होता है, यह संस्था लगातार शांति का प्रतिक है, जिसमें बच्चों के साथ अन्य जन भी मेडिटेशन और योगा सिखते है। सीमा साहू ने कहा कि ब्रम्हकुमारी संस्था में समर कैंप से बच्चों का विकास होता है, पालक ऐसे समर कैंप में भेजकर बच्चों के मस्तिष्क का विकास करा रहे हैं, साथ ही उनके भविष्य गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। प्राचार्य वर्षा मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष ब्रम्हकुमारी संस्था में मेडिटेशन के साथ योगा और समर कैंप लगाया जाता है, जिससे एक अच्छा माहौल का संचार होता है। नपा उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि समर कैंप से बच्चों का विकास होता है, यह आयोजन बच्चों के भविष्य को संवारने के भी काम करता है, ग्रीष्मकालीन यह शिविर काफी सराहनीय है। पार्षद भानु प्रताप साहू ने कहा कि वर्तमान समय पर पालक बच्चों के साथ और विकास पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं, पालक बच्चों के साथ समय कम व्यतीत करने के साथ अपने वर्क पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।



# रामलीला में हनुमान के प्रसंगों की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम ससहा में आदर्श रामलीला मंडली डगनिया के तत्वावधान में पांच दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि ग्रामीणों के सांस्कृतिक एकजुटता और सहभागिता का सजीव उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के पांचों दिन रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया, जिसमें श्रीराम जन्म, वनवास, सीता हरण, हनुमान लीला और लंका विजय जैसे प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए कहा ग्राम ससहा धार्मिक चेतना से परिपूर्ण एक जागरूक गांव है, जहां इस प्रकार के आयोजनों से न केवल हमारी संस्कृति जीवित रहती है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। रामलीला केवल मंचन नहीं, बल्कि जीवन के आदर्शों को दर्शाने वाली प्रेरणा है।

रामलीला कार्यक्रम में ग्राम ससहा के सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मिथलेश मुकेश साहू, मिडिया प्रभारी केशव साहू, पनमेश्वर साहू, सुखीराम साहू, रोहित साहू, लखन धीवर, दिलीप राम साहू, बेदराम राम साहू, ईश्वर साहू, अजर दशा मानिकपुरी, योगेश कुमार,चुम्मन साहू,रामेश्वर साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# शिकारी समेत मांस खाने पहुंचे चार गिरफ्तार

**महासमुंद**। झलप वनपरिक्षेत्र के ग्राम कोलपदर में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी समेत वन्यप्राणियों का मांस खाने पहुंचे चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं शिकार में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। वन विभाग सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सह पठित धारा 2(16) (ख), 2(16)(क), 39(3)(क), 39(3)(ग)एवं 48-क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी डीएफओ वेंकटेश एमजी ने बताया कि रविवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम कोलपदर मे जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं। सूचना पर टीम ग्राम कोलपदर पहुंची और शिकारी भीखम कमार (52) के घर से एक जंगली सुअर का मांस व एक नग नेवला बरामद किया। साथ ही मांस खाने पहुंचे जिवतरा निवासी गंगूराम कमार (27), बल्दाकछार निवासी चमरु कमार (28), कोलपदर निवासी लोभिन कमार (28) को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी भीखम कमार ने बताया कि शिकार में तीन अन्य जितेंद्र कमार, डाक्टर कमार एवं लव कुमार शामिल थे। उसने बताया कि ग्राम कोलपदर के आसपास वन विकास निगम के जंगल से 10 मई की दोपहर में शिकार किए थे।

## बेजा कब्जा हटाने, दुकानों के किराया शुल्क में वृद्धि पर सहमति बनी

# अर्जुनी की ग्रामसभा में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार की ग्राम पंचायत अर्जुनी के गांधी चौक में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

सभा में बाजार चौक एवं रंगमंच के आसपास के बेजा कब्जों हटाने, दुकानों के किराया शुल्क में वृद्धि, नए दुकान कॉम्प्लेक्स निर्माण तथा शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध जैसे अहम बिंदुओं पर सहमति बनी।

पूर्व में अंबुजा सीमेंट संयंत्र की ओर से प्रदत्त ई-रिक्शा सेवा और पोल एवं तार-जाली लगाने का कार्य जो कुछ समय से बंद पड़ा था, उसे पुनः प्रारंभ करने का भी प्रस्ताव लिया गया। इन सभी विषयों पर उपस्थित ग्रामीणों की हस्ताक्षरयुक्त सहमति के साथ प्रस्ताव पारित किए गए।ग्रामसभा की अध्यक्षता सरपंच कविता ध्रुव ने की। इस दौरान उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सदस्य सचिन सोनी, भोला यदु, चित्ररेखा साहू, मालती साहू, प्रेमचंद वर्मा, ओमप्रकाश साहू, प्रमोद जैन, भगेला ध्रुव, सुखराम ध्रुव, जवाहर वर्मा, लखन यदु, संगीता ध्रुव, पुनीत राम वर्मा सहित पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। यह ग्राम सभा न केवल जनसहभागिता का उदाहरण बनी, बल्कि ग्राम के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णयों को गति देने वाली सिद्ध हुई।



## रेमन अनंत बने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम का बलौदाबाजार जिले के ग्राम कुथरौद्र हिरमी निवासी रेमन अनंत को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। रेमन अनंत की नियुक्ति पर रायपुर जिला के जिला अध्यक्ष दास साहू ने कहा की हमें पूर्ण विश्वास है, कि रेमन अनंत तन-मन-धन और जीवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों और विचारों को पूरी निष्ठा से अपने कार्य क्षेत्र में प्रचारित प्रसारित करेंगे। कार्य निश्चित रूप से हम सबका स्वप्न परम् वैभव भारत को सकार करेगा। राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राकेश मिश्रा ने उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया है।